भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3606
सोमवार, 15 जुलाई, 2019/24 आषाढ़, 1941 (शक)

## राष्ट्रीय कॅरिअर सेवा परियोजना

3606. श्री देवजी पटेलः
श्री सुनील कुमार सिंहः
श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरेः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय कॅरिअर सेवा (एनसीएस) परियोजना की पहुंच को अधिकतम करने हेतु निजी भागीदारों के साथ कतिपय समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और एनसीएस के अंतर्गत सक्रिय लाभार्थियों की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(ग) सरकार द्वारा देश में विशेषकर झारखंड, महाराष्ट्र और राजस्थान के युवाओं को विभिन्न प्रकार की रोजगार संभावनाओं के लिए अधिक पहुंच प्रदान करने हेतु क्या नए कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) एवं (ख): मंत्रालय ने राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना की पहुंच को बेहतर बनाने के लिए रोजगार पोर्टलों, नियोजन संगठनों तथा प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे निजी भागीदारों के साथ रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। ये एमओयू देश भर में युवाओं की विशाल विविध रोजगार अवसरों तक बेहतर पहुंच प्रदान करवाने में सहायक रहे हैं। एमओयू भागीदारों तथा सक्रिय लाभार्थियों (रोजगार चाहने वालों) की विस्तृत सूची क्रमशः अनुबंध-। एवं अनुबंध-।। में दी गई हैं।

(ग): मंत्रालय झारखंड, महाराष्ट्र एवं राजस्थान राज्यों सहित देश भर में युवाओं की विशाल विविध रोजगार अवसरों तक बेहतर पहुंच प्रदान करवाने के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य रोजगार मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों आदि पर सूचना जैसी अनेक प्रकार की रोजगार-संबंधी सेवाएं प्रदान करना है। इस परियोजना के तीन घटक हैं-एनसीएस पोर्टल, रोजगार कार्यालयों को आपस में जोड़ना तथा आदर्श करियर केंद्र। इस परियोजना की सेवाएं राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं तथा कॉल सेन्टर/हेल्पडेस्क द्वारा समर्थित हैं। इस पोर्टल में रोजगार कार्यालयों, आदर्श करियर केंद्रों, साझा सेवा केंद्रों, डाक घरों आदि के माध्यम से पारदर्शी ढंग से प्रयोगकर्ताओं के अनुकूल सेवाएं प्रदान कराने हेतु एकल समाधान की परिकल्पना की गई है।

अनुबंध-।

"राष्ट्रीय कॅरिअर सेवा परियोजना" के बारे में श्री देवजी पटेल, श्री सुनील कुमार सिंह एवं श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3606 के भाग (क) एवं (ख) के लिए दिनांक 15.07.2019 को दिए जाने वाले उत्तर में संदर्भित अनुबंध-।

राष्ट्रीय करिअर सेवा परियोजना के तहत एमओयू भागीदारों की सूची

| क्र.सं. | अभिकरण का नाम |
|---|---|
| 1 | मेरा जॉब इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | मॉन्स्टर.कॉम |
| 3 | एचटी शाइन |
| 4 | क्विकर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | सरल रोजगार |
| 6 | वीएसएस टेक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | फ्रेशर्स वर्ल्ड |
| 8 | फर्स्ट जॉब. कॉम |
| 9 | डाक विभाग, संचार मंत्रालय |
| 10 | कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय |
| 11 | राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति |
| 12 | भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), गुड़गांव |
| 13 | राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी), लेह |
| 14 | राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी), श्रीनगर |
| 15 | डॉन बॉस्को सोसायटी, बैंगलोर |
| 16 | राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी), कालीकट |
| 17 | राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी), औरंगाबाद |
| 18 | भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), मुंबई |
| 19 | यशस्वी, पुणे |
| 20 | सीएलआर सुविधा, पुणे |
| 21 | देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर |
| 22 | ऑल इंडिया सोसाइटी फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कंप्यूटर टेक्नोलॉजी (एआईएसईसीटी), इंदौर |
| 23 | राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी), इंफाल |
| 24 | कैरियर क्लिनिक, कोहिमा |
| 25 | सेंचुरियन प्रौद्योगिकी  एवं प्रबंधन विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर |
| 26 | भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), चेन्नई |
| 27 | भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की), ग्रेटर नोएडा |
| 28 | राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी), गोरखपुर |
| 29 | एमिटी बिजनेस स्कूल, नोएडा |
| 30 | राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी),  कोलकाता |
| 31 | स्वास्तिक कम्प्यूटर एजुकेशन, कोलकाता |

अनुबंध-।।

"राष्ट्रीय कॅरिअर सेवा परियोजना" के बारे में श्री देवजी पटेल, श्री सुनील कुमार सिंह एवं श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3606 के भाग (क) एवं (ख) के लिए दिनांक 15.07.2019 को दिए जाने वाले उत्तर में संदर्भित अनुबंध-।।

8 जुलाई, 2019 को राष्ट्रीय करियर सेवा परियोजना के तहत सक्रिय लाभार्थियों (रोजगार चाहने वालों) का राज्य-वार विवरण

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | सक्रिय रोजगार चाहने वाले |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 3,129 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1,01,287 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1,003 |
| 4 | असम | 14,353 |
| 5 | बिहार | 9,77,780 |
| 6 | चंडीगढ़ | 14,664 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 1,09,583 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 1,317 |
| 9 | दमन और दीव | 82 |
| 10 | दिल्ली | 46,844 |
| 11 | गोवा | 49,101 |
| 12 | गुजरात | 1,02,418 |
| 13 | हरियाणा | 32,146 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 14,800 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 28,316 |
| 16 | झारखंड | 26,090 |
| 17 | कर्नाटक | 74,346 |
| 18 | केरल | 54,860 |
| 19 | लक्षद्वीप | 2,453 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 93,340 |
| 21 | महाराष्ट्र | 40,18,931 |
| 22 | मणिपुर | 4,021 |
| 23 | मेघालय | 796 |
| 24 | मिजोरम | 2,123 |
| 25 | नागालैंड | 266 |
| 26 | ओडिशा | 40,659 |
| 27 | पुडुचेरी | 79,265 |
| 28 | पंजाब | 70,282 |
| 29 | राजस्थान | 5,78,736 |
| 30 | सिक्किम | 1,053 |
| 31 | तमिलनाडु | 77,934 |
| 32 | तेलंगाना | 1,12,732 |
| 33 | त्रिपुरा | 1,53,562 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 3,89,274 |
| 35 | उत्तराखंड | 26,154 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 22,00,417 |
| योग | | 95,04,117 |